सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 104 | इंदौर, बुधवार 29 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कटनी में भाजपा नेता नीलू रजक की हत्या से भड़का आक्रोश

- अकरम खान और प्रिंस जोसफ का शॉर्ट एनकाउंटर, TI सहित दो लाइन अटैच



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी/जबलपुर, एजेंसी।** कटनी जिले के कैमोर में हिंदू संगठन और बीजेपी से जुड़े नेता नीलेश 'नीलू' रजक की गोली मारकर हत्या के बाद उपजा तनाव अब पुलिस की कड़ी कार्रवाई से शांत होता दिख रहा है. हत्या के दोनों आरोपी पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गए हैं.

एडिशनल एसपी संतोष डहरिया ने बताया कि हत्या के दोनों आरोपी अकरम खान और प्रिंस जोसफ को अलसुबह जिले के कजरवारा से पकड़ा गया. गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायर किया. पुलिस की जवाबी फायरिंग में 4 गोलियां चलीं और दोनों आरोपी घायल हो गए. दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है.

### 'लव जिहाद' और छेड़छाड़ का विरोध बनी हत्या की वजह

इस सनसनीखेज हत्याकांड के पीछे छेड़छाड़ और 'लव जिहाद' का विरोध मुख्य कारण बताया जा रहा है. एक महीने पहले कैमोर के DAV स्कूल में लड़की छेड़ने से मना करने पर अकरम और नीलेश में विवाद हुआ था. परिवार के अनुसार, तब कैमोर पुलिस ने उल्टा नीलेश पर मामला दर्ज कर दिया था और TI के सामने अकरम खान ने नीलेश को गोली मारने की धमकी दी थी.

### बिहार से लौटे संजय पाठक

हत्या की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक (जो बिहार चुनाव प्रचार में थे) विशेष विमान से विजयराघवगढ़ हॉस्पिटल पहुंचे. पाठक ने जिला कलेक्टर और एसपी से मांग की थी कि अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश और संरक्षण देने वालों पर कार्यवाही होने तक मृतक का पोस्टमार्टम और दाह संस्कार नहीं किया जाएगा. संजय पाठक ने एक समुदाय विशेष के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'हम इस्लामिक राष्ट्र बनने नहीं देंगे.'

### मानव संग्रहालय में संगोष्ठी में सीएम यादव बोले-

# जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है प्रकृति के प्रति आस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरण और जीवन शैली-जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य नीति आयोग, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और एप्को के संयुक्त तत्वावधान में मानव संग्रहालय में आयोजित संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। नर्मदा समग्र, सिकोईडिकोन, पैरवी और राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, कार्यक्रम के सह आयोजक हैं।**



जलवायु परिवर्तन के समाधान में राज्यों की भूमिका पर विचार विमर्श और व्यक्ति-समाज एवं सरकारों की सहभागिता से सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है। सीएम ने कहा कि प्रकृति के प्रति आस्था ही हमें जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य से जीने की परंपरा अपनाई है। दुनिया के कई देश प्रकृति का दोहन कर रहे हैं पर भारत ने सदियों से प्रकृति का पोषण किया है। उपभोग प्रधान जीवन शैली वर्तमान के जलवायु संकट को बढ़ाती है जबकि उपयोग से पहले संरक्षण की समझ और भोग से पहले योग का संतुलन ही भारतीय संस्कृति का सार है। भोपाल प्रकृति और प्रगति का अनूठा संगम है। प्राकृतिक सुंदरता और जैव-विविधता सहेजे इस सुंदर शहर में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन शहर की विशेषता के अनुरूप है।

बता दें, जल, जंगल, जमीन, जैव विविधता और मानव जीवन के पहलुओं को प्रभावित कर रहे जलवायु संकट पर ब्राजील में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन होगा। वैचारिक संगोष्ठी में प्राप्त सुझाव और विचार, ब्राजील के सम्मेलन में साझा किए जाएंगे। मध्य प्रदेश, इस चर्चा को आरंभ करने वाला भारत का पहला राज्य है। लिविंग द राइट वे की थीम पर आधारित संगोष्ठी में पर्यावरण और जीवन शैली, जलवायु और सतत विकास के बीच संबंधों का सुदृढ़ीकरण और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका जैसे विषयों पर विचार विमर्श हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए। राज्य सरकार प्रदेश में ग्रीन कवरेज बढ़ाने, वेटलैंड संरक्षण, जलस्रोतों के पुनर्जीवन और हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित हो रही हैं। प्रदेश के 32 लाख किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की यह संगोष्ठी मानवता के अस्तित्व, धरती के संतुलन और आने वाली पीढ़ियों से जुड़ा है। हमें स्थानीय सोच को वैश्विक समाधान से जोड़ने और विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी और संचार माध्यमों से जुड़े प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा बोले- सभी दल करें बीएलए की नियुक्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सदन, भोपाल में बैठक की। बैठक में उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 2025 की प्रक्रिया की जानकारी दी और सभी राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट (BLA) की अनिवार्य नियुक्ति करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की दूसरी चरण की तारीखें घोषित की जा चुकी हैं, जिनमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। प्रदेश में पुनरीक्षण प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ हो चुकी है और मतदाता सूची फिलहाल फ्रीज कर दी गई है। नागरिक अपने नाम की स्थिति voters.eci.in या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर देख सकते हैं।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में सम्मिलित हो सके। नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए क्रमशः फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 भरना आवश्यक होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति एन्यूमरेशन फॉर्म में मिथ्या जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ जुर्माना या कारावास का प्रावधान है। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव, सुरभि तिवारी, राजेश यादव, कांग्रेस से जेपी धनोपिया, भाजपा से भगवानदास सबनानी और एसएस उप्पल, तथा आम आदमी पार्टी से सुमित चौहान उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि प्रक्रिया के दौरान नागरिक पासपोर्ट, जन्म प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, निवास या जाति प्रमाण-पत्र जैसे दस्तावेजों से अपनी पात्रता सिद्ध कर सकेंगे।

### पुनरीक्षण की प्रमुख तिथियां

1. 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक बीएलओ प्रशिक्षण
2. 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर सर्वेक्षण
3. 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन
4. 9 दिसंबर 2025 से 9 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां
5. 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का श्रीगणेश

## आगामी 7 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 3 नवम्बर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा-आपत्तियों के आवेदन 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के सुनवाई और प्रामाणिकरण के बाद 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।




यह जानकारी आज यहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंवार नवजीवन विजय, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम, प्रक्रिया और इस संबंध में निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने कहा कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से शुद्ध मतदाता सूची पारदर्शी रूप से तैयारी की जाएगी। इस प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा भी उन्होंने व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम और दिए गए दिशा-निर्देशानुसार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे नहीं और अपात्र का नाम जुड़े नहीं। बैठक में बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। जिले के सभी 2625 मतदान केन्द्रों के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की नियुक्ति कर उन्हें उक्त कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया गया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी रहेगा। उक्त अधिकारी प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने, प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्ति लेने और निर्णय करने तथा अंतिम मतदाता सूची तैयार कर प्रकाशित करने के कार्य करेंगे। प्रत्येक तहसील के लिए एक सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के विरुद्ध की गई प्रथम अपील को सुनेंगे। जिला मजिस्ट्रेट के विरुद्ध की गई द्वितीय अपील को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सुनवाई की जाएगी।

# युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने किया कुकर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने 25 साल की युवती की शिकायत पर उसके परिचित युवक के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। युवती आरोपी को 3 साल से जानती है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता से रेप किया। बाद में पीड़िता को पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है। मामले में सोमवार को पुलिस ने एफआईआर की है।**

बाणगंगा पुलिस ने बताया कि युवती की शिकायत पर जतिन बैरागी के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि इलाके में जतिन का दोस्त रहता था। उसके जरिए जतिन से पहचान हुई और फिर बातें होने लगीं। एक दिन जतिन ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। उसकी बातों पर भरोसा कर लिया। साल 2023 में जतिन ने अपना नंबर बदल लिया। इस कारण बातचीत बंद हो गई। कुछ दिन पहले उसने इंस्टाग्राम से कान्ट्रेक्ट किया और मिलने को कहा। मैं जब उसके पास पहुंची तो उसने कहा कि वह काम में व्यस्त हो गया था। इसके चलते बात नहीं हो पाई। उसने विश्वास दिलाया कि अब कभी छोड़कर नहीं जाएगा। सितंबर में जतिन शादी की बात का कहकर एक होटल में लेकर गया। यहां जबरदस्ती संबंध बनाए। इसके बाद एक बार वह खजराना इलाके की होटल में भी लेकर गया। बाद में इंस्टाग्राम से जानकारी लगी कि जतिन शादीशुदा है। इस बारे में बात की तो उसने कहा कि वह कई लड़कियों से बात करता है। उसकी अच्छी दोस्ती हैं। जतिन ने कहा कि अगर बात नहीं करोगी तो फोटो-वीडियो वायरल कर देगा। उसने जान से मारने की धमकी भी दी।

### हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य की पूजा की

# दीपों की रोशनी और छठ मैया के गीतों से माहौल भक्ति से भर गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लोक आस्था का पर्व छठ मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ पूरा हुआ। चार दिन तक चले इस पर्व में इंदौर में रहने वाले बिहार और पूर्वांचल के हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य की पूजा की।

सुबह चार बजे से ही शहर के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। दीपों की रोशनी और छठ मैया के गीतों से माहौल भक्ति से भर गया। कई जगह श्रद्धालुओं ने फुलझड़ियों और दीपों से घाटों को सजाया, जिससे पूरा वातावरण बहुत सुंदर दिखाई दिया। जब सूर्योदय का समय आया, तो व्रत रखने वाली महिलाएं और पुरुष जल में खड़े होकर हाथ जोड़ भगवान सूर्य से अपने परिवार की खुशहाली और सुख-शांति की प्रार्थना करने लगे। सूरज निकलते ही विजय नगर, तुलसी नगर, समर पार्क निपानिया, वेद मंदिर, सुखलिया, श्याम नगर, ड्रीम सिटी, कालानी नगर, पिपलियाहाना तालाब, अन्नपूर्णा रोड तालाब और सूर्य मंदिर (कैट रोड) जैसे घाटों पर श्रद्धालुओं ने "ॐ सूर्याय नमः" मंत्र बोलकर अर्घ्य दिया। पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह ने बताया कि अर्घ्य के बाद श्रद्धालुओं ने ठेकुआ, केला, सेब और अन्य फलों का प्रसाद बांटा। इसके बाद व्रती महिलाओं ने पीपल के पेड़ की पूजा की और 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण कर व्रत पूरा किया। तुलसी नगर रहवासी संघ और पूर्वोत्तर समाज की ओर से मंदिर परिसर में मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं व्रत रखकर पहुंचीं और परिवार व देश की तरक्की के लिए छठ मैया से प्रार्थना की। संघ ने बताया कि अगले साल की पूजा से पहले मंदिर परिसर में 20×5 फीट का स्थायी छठ घाट बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा और सुरक्षा मिल सके। कार्यक्रम में राजेश तोमर, भगवान झा, आर.के. पटेल, सुलभ जैन, प्रमोद वाजपेई और श्रीमती शारदा सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सभी 22 जोन पर राजस्व के लिए विशेष शिविर

# देपालपुर में भी ट्रेंचिंग ग्राउंड पर उद्यान बनेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम के सभी 22 जोन पर राजस्व के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर 15 दिन तक लगेंगे। शिविर में संबंधित जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, बिल कलेक्टर ,कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहेंगे।**

इसमें संपत्ति कर या जल कर के नए खाते खोले जा सकेंगे। पहले से खुले खातों में संशोधन भी करवा सकेंगे। जल कर या नया नल कनेक्शन के लिए आवेदन कर नया कनेक्शन ले सकेंगे। नगर निगम आयुक्त दिलीप यादव ने कहा कि निगम द्वारा लगाए जा रहे विशेष शिविर में जाकर संशोधन भी करा सकते हैं। जैसे किसी का संपत्ति कर यदि आवासीय दर से जमा किया जा रहा हो और मौके पर उसका उपयोग व्यावसायिक हो तो व्यावसायिक की दर से संपत्ति कर का खाता संशोधन करा सकते हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि निगम द्वारा लगाए गए विशेष राजस्व शिविर का लाभ लें और बिना किसी परेशानी के शिविर में जाकर अपना खाता खुलवा लें या संशोधन करा लें। 15 वार्ड और 4 जोन वाले देपालपुर को स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम ने काम करना शुरू कर दिया है। इंदौर के देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर उद्यान तैयार किया गया है, उसी तर्ज पर अब देपालपुर के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भी 39 लाख रुपए की लागत से "स्वच्छता पार्क" विकसित किया जाएगा। स्वच्छता पार्क के लिए लेआउट भी फाइनल कर दिया गया है। इस पार्क में एमआरएफ प्लांट, कम्पोस्ट यूनिट, एफएसटीपी प्लांट स्थापित किए जाएंगे और पुराने कचरे का निपटान बायोरेमीडिएशन तकनीक से किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा ताकि यह क्षेत्र स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण बन सके। इसके लिए सीएसआर फंड से भी आर्थिक सहयोग लिया जाएगा। निगमायुक्त यादव के देपालपुर निरीक्षण के दौरान 300 से ज्यादा आवारा पशु सड़कों पर घूमते मिले। यादव ने कहा कि इससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बाजार और घरों से कचरे का सही से पृथक्करण नहीं किया जा रहा है। इस पर आयुक्त यादव ने स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को कचरा सेग्रीगेशन और शुल्क वसूली बढ़ाने की दिशा में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वाटर प्लस और थ्री स्टार रेटिंग के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग जरूरी है।

# बस की सीट पर मिला नवजात, जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सरवटे बस स्टैंड पर बस में एक नवजात मिला है। कंडक्टर ने तत्काल छोटी ग्वालटोली पुलिस को सूचना दी और मौके पर बुलाया। पुलिस कंडक्टर और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।**



घटना मंगलवार दोपहर एक बजे के बाद की है। सरवटे बस स्टैंड से सनावद की ओर जाने के लिए बस जाने वाली थी। इस बीच एक दंपती बस में चढ़े। और कुछ देर बाद वे कंडक्टर को सामान लाने का कहकर उतर गए। कंडक्टर ने पुलिस को बताया कि बस में चढ़ते समय उनके हाथ में नवजात था, लेकिन उतरते समय नहीं। लेकिन सवारियां अधिक होने के कारण उसका ध्यान इस बात की ओर नहीं गया। जब वह काफी देर तक नहीं लौटे तो कंडक्टर ने सीट के पास जाकर देखा। कुछ यात्रियों ने भी कंडक्टर को सूचना दी। दंपती बच्चे को लेकर पीछे की ओर बैठे थे। ताकि किसी का ध्यान इस ओर न जाए। बताया जा रहा है कि वे बस में आगे की ओर से चढ़े और पीछे बने दूसरे दरवाजे से उतर गए। दंपती काफी देर तक नहीं लौटे तो कंडक्टर ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस ने नवजात को कस्टडी में लेकर कंडक्टर से पूछताछ शुरू की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी बच्चे को छोड़कर जाने वाले दंपती की तलाश कर रही है।

### कलेक्टर ने मानवीय संवेदनाओं के साथ सुनी नागरिकों की समस्याएं

# किसी को इलाज, किसी को शिक्षा और किसी को रोजगार के लिए दी त्वरित सहायता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और मानवीय संवेदनाओं के साथ सुनते हुए कई मामलों का हाथों-हाथ निराकरण किया। श्री वर्मा द्वारा किसी को इलाज के लिए, किसी को शिक्षा के लिए तो किसी को रोजगार के लिए तत्काल सहायता प्रदान की गई।**



जनसुनवाई में पारसी मोहल्ला में रहने वाली मंगला सोनकर और उनकी पुत्री ने कलेक्टर से मुलाकात की। मंगला सोनकर ने बताया कि उनके पति आकाश की एक घटना में मृत्यु हो चुकी है और बच्चों की देखभाल में कठिनाई हो रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बच्ची खुशी की शिक्षा की व्यवस्था करने और गर्भवती मंगला सोनकर के प्रसव खर्च का वहन राज्य शासन द्वारा किए जाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान आलापुर जूनी इंदौर के 71 वर्षीय श्री दयाराम ने बताया कि वे गिरने से घायल हो गए थे और उनके कंधे व कुल्हे में रॉड लगी है, जिससे चलने में कठिनाई हो रही है। उन्हें चलने में सहायक एक विशेष जूते की आवश्यकता है जिसकी कीमत लगभग 4 से 5 हजार रुपये है। कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल जूता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

देपालपुर के कीरखेड़ा गांव के भागीरथ पिता सेवाराम ने बताया कि उनकी माता जी की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। कलेक्टर श्री वर्मा ने उन्हें तत्काल 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। एक अन्य प्रकरण में बुजुर्ग दंपत्ति दुर्गादास मानकचंद गोयल और उनकी पत्नी ने बताया कि उनके परिजन उन्हें परेशान कर रहे हैं और मकान पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने एसडीएम मल्हारगंज को शीघ्र न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा गुलाब सिंह पिता बाबू सिंह कुशवाहा के महंगे इंजेक्शन की आवश्यकता के प्रकरण में भी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक सहायता देने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांग महिला जानकी रावत को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु पीएम स्वनिधि योजना के तहत तत्काल प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को राहत और न्याय दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए।

# भगवान सहस्त्रअर्जुन का जन्मोत्सव मनाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विश्व हिंदू परिषद एवम कलचुरी समाज और भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के वंशजों द्वारा श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन के जन्म उत्सव की पूर्व संध्या पर बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया बनाया गया। परदेशीपुरा स्थित चौराहे पर भगवान के सभी वंशजों ने एक साथ मिलकर भगवान का जनमोत्स्व महाआरती एवं आतिशबाजी कर बनाया ।

कार्यक्रम में विहिप के मुकेश चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए सभी देवी देवता, लोक देवता और सभी पूजनीय संत सम्पूर्ण हिंदू समाज कि आस्था और श्रद्धा के केंद्र है। विधर्मी शक्तियां हमारे देवी देवता को जाति, भाषा और प्रांत के नाम पर बांटने का षडयंत्र कर रही है। ऐसी सभी शक्तियों को हम सब मिलकर पराजित करेंगे। कलचुरी समाज की आरती जायसवाल ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहुअर्जुन के वंशज सर्व मानव समाज के कल्याण एवं सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में सदैव अग्रसर रहते है। कार्यक्रम में मुकेश चौकसे, रमेश जायसवाल, अरुणा नायडु,रमेश चौकसे, रवि चौकसे, मनोज यादव विनोद प्रजापत, उत्तम वाडिया, सचिन चौकसे, सूरज जायसवाल के साथ कलचुरी समाज एवम अनेकों को जाति बिरादरी के पदाधिकारी ने सहस्त्रबाहु अर्जुन के जन्म उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की साथ ही सभी ने हिंदू समाज को संगठित जागृत और सशक्त करने का संकल्प लिया।

## प्रिंसिपल का 'फर्जी' गूगल फॉर्म बनाकर मांगी छात्रों की निजी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शासकीय होलकर साइंस कॉलेज में प्राचार्य के लेटरहेड के दुरुपयोग का तीन हफ्तों के भीतर यह दूसरा मामला सामने आया है। इस बार बीएससी (फोरेंसिक साइंस) के एक छात्र पर प्राचार्य के नाम का फर्जी लेटरहेड इस्तेमाल करने का आरोप है।**

चौंकाने वाली बात यह है कि छात्र ने प्राचार्य के फर्जी लेटरहेड का उपयोग करके एक गूगल फॉर्म बनाया और उसे छात्रों के ही सोशल मीडिया ग्रुप पर भेज दिया। इस फॉर्म में छात्र ने अन्य छात्रों से उनकी व्यक्तिगत जानकारी (पर्सनल जानकारी) भरने को कहा। साथ ही, यह भी लिखा कि यह फॉर्म प्राचार्य के निर्देश पर भरना अनिवार्य है। जैसे ही अन्य छात्रों के माध्यम से यह जानकारी प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन तक पहुँची, उन्होंने तुरंत आरोपी छात्र को तलब किया। जब छात्र से पूछा गया कि उसने यह फर्जी फॉर्म क्यों बनाया, तो उसने कोई ठोस जवाब नहीं दिया। उसने केवल इतना कहा कि वह कुछ छात्रों को ग्रुप से बाहर करना चाहता था। कॉलेज प्रशासन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए इसे तत्काल अनुशासन समिति को सौंप दिया है। मंगलवार को समिति की बैठक में इस मामले पर कोई निर्णय लिया जाएगा और छात्र को भी अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया जाएगा। यह पहली बार नहीं है जब कॉलेज में ऐसा हुआ हो। इसी महीने अक्टूबर में, दो छात्रों ने टेस्ट रुकवाने के मकसद से प्राचार्य के निधन की झूठी खबर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। इस मुद्दे पर भी जमकर बवाल मचा था। बाद में अनुशासन समिति की बैठक में निर्णय लेते हुए बीसीए के उन दोनों छात्रों को निलंबित कर दिया गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं को देखते हुए कॉलेज प्रशासन अब एक विशेष टीम का गठन करेगा, जिसमें प्रोफेसरों के साथ कुछ चुनिंदा छात्र भी शामिल होंगे। यह टीम सभी कक्षाओं में जाकर छात्रों को समझाएगी कि वे अपना ध्यान पढ़ाई, स्पोर्ट्स एक्टिविटी, लाइब्रेरी और लैब में लगाएं। टीम यह भी चेतावनी देगी कि यदि भविष्य में किसी ने भी प्राचार्य या किसी HOD के नाम से फर्जी लेटरहेड का दुरुपयोग किया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पति-बेटे के साथ जा रही थी महिला का पीछा मंगलसूत्र झपटकर भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाडिया में बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला का मंगलसूत्र लूट लिया। वह स्कूटर से अपने पति ओर बेटे के साथ अपनी ननंद के यहां भाईदूज के प्रोग्राम में जा रही थी। इसी दौरान बदमाश पीछे से आए और वारदात को अंजाम देकर चले गए। हालांकि पुलिस को आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। जिसमें आरोपियों की शिनाख्त हो गई है। कनाडिया पुलिस ने मंजू परमार निवासी गोविंद कॉलोनी की शिकायत पर बाइक सवार लटेरों के खिलाफ सोमवार को एफआईआर की गई है। मंजू अपने बेटे अंकित और पति संतोष के साथ बैट्री स्कूटर पर अपनी ननंद के घर जा रही थी। इस दौरान अंकित स्कूटर चला रहा था। जब तीनों डायमंड कॉलोनी के यहां पहुंचे तो पीछे से बिना नंबर की बाइक से बदमाश आए। पीछे बैठे बदमाश ने मंजू के गले पर झपट्टा मारा और मंगलसूत्र तोड़कर बाइक को तेजी से आगे ले गए।

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में सोमवार देर शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अनिल (24) पुत्र प्रीतम अहिरवार निवासी इदरीश नगर के रूप में हुई है। वह करीब 15 दिन पहले ही आजाद नगर में किराए के मकान में रहने आया था। पुलिस को उसके कमरे से दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक युवती और उसके दोस्त का नाम लिखा है। आजाद नगर टीआई लोकेन्द्र भदौरिया के मुताबिक सोमवार देर शाम मकान मालिक ने युवक की मौत की सूचना दी थी। वह दिन में दोस्तों का कॉल नहीं उठा रहा था। इसके बाद दोस्त उसे देखने रूम पर पहुंचे, तो दरवाजा अंदर से बंद था। जब दरवाजा खोला तो अनिल फंदे पर लटके मिला। उसके दोस्त पुलिस को जानकारी दिए बिना ही कमरे से चले गए। मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी।



# भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए 78 करोड़ 94 लाख रुपए का अनुमोदन किया

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) अंतर्गत प्रदेश में पीवीटीजी समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण का अनुमोदन प्रदान किया गया है।**

स्वीकृति अनुसार प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत अतिरिक्त 18 हजार 338 अविद्युतीकृत पीवीटीजी घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत अधोसंरचना विस्तार के लिए लगभग 78 करोड़ 94 लाख रुपए की द्वितीय चरण की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए 60 प्रतिशत राशि 47 करोड़ 36 लाख रूपए केन्द्र शासन से अनुदान प्राप्त होगा व शेष 40 प्रतिशत राशि 31 करोड़ 58 लाख रुपये राज्य शासन द्वारा वितरण कंपनियों को अंशपूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जाएंगी। पीएम जनमन अन्तर्गत प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लिए बसाहट वार पूर्व स्वीकृत सीमा एक लाख रूपए प्रति हाउसहोल्ड को बढ़ाकर 2 लाख रुपये प्रति हाउसहोल्ड किये जाने की स्वीकृति दी गई। विद्युत कंपनियों द्वारा 2 लाख रूपये प्रति हाउसहोल्ड तक आकलित लागत से विद्युतीकरण किया जाएगा। लागत अधिक होने की स्थिति में ऊर्जा विकास निगम द्वारा एक किलोवाट क्षमता का आफ ग्रिड सोलर पैनल और बैटरी लगाकर विद्युतीकरण किया जायेगा। 211 घरों का विद्युतीकरण आफ ग्रिड प्रणाली से किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रदेश में 3 पीवीटीजी जनजाति, यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। 11 मार्च, 2024 को संपन्न मंत्रि-परिषद बैठक में योजनांतर्गत प्रथम चरण में 10 हजार 952 घरों के विद्युतीकरण के लिए लगभग 65 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से 8 हजार 752 घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके हैं। मंत्रि-परिषद द्वारा अति उच्च दाब पारेषण 132 के.वी. और उससे बड़ी लाईन बिछाने के लिए किसानों को दी जाने वाली मुआवजा-क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार टॉवर लगाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि को 85 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत किया गया है साथ ही लाइन ट्रान्समिशन लाइन में आने वाली भूमि की क्षतिपूर्ति राशि को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल में टॉवर के चार पाए के अलावा सब तरफ 1-1 मीटर की अतिरिक्त वृद्धि की गयी है। भूमि का स्वामित्व किसान का ही रहेगा। टॉवर के बीच में और लाइन के नीचे की फसल किसान ले सकेगा।

## मप्र में बारिश का दौर 7 जिलों में पानी गिरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश से मानसून की आधिकारिक विदाई हो चुकी है, लेकिन बारिश का दौर जारी है। ग्वालियर में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर पानी गिर रहा है। मंगलवार सुबह तक दो इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। रतलाम में भी सुबह पानी गिरा। सिस्टम की एक्टिविटी होने की वजह से प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को बैतूल, धार, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, रीवा और उमरिया में बारिश हुई। भोपाल में तेज आंधी का असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने बुधवार को 11 से अधिक जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

## भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**कटनी।** नकाबपोश बदमाशों ने भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी बाइक से आए और फायरिंग कर भाग गए। सीने पर गोली लगते ही भाजपा नेता लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस पहुंची और भाजपा नेता को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक अपनी बाइक से बाजार जा रहे थे, तभी बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। कटनी एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि आरोपियों को चिह्नित कर लिया है। आरोपियों में प्रिंस पिता नेल्सन जोसेफ (30) और अकरम खान (33) शामिल है। फिलहाल दोनों फरार है। इस मामले में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद चौबे और प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल को लाइन अटैच किया गया है।

## बैल के खूंटे से की ससुर की हत्या

बालाघाट। जिले के रूपझर थाना क्षेत्र के नारंगी गांव में एक दामाद ने सोमवार को अपने ससुर की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दामाद मौके से फरार है। आरोपी ने ससुर को पहले बैल बांधने वाले खूंटे से मारा और फिर गला दबाकर सीमेंट रोड पर पटक दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गत 27 अक्टूबर की शाम संजू अपनी पत्नी को ढूंढते हुए ससुराल की ओर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे ससुर झाड़ूलाल मिले। संजू ने उनसे अपनी पत्नी और सास के बारे में पूछा, लेकिन झाड़ूलाल ने कोई जवाब नहीं दिया। इससे नाराज होकर संजू ने एक घर के सामने गड़े बैल बांधने वाले खूंटे को उखाड़कर झाड़ूलाल पर हमला कर दिया।

## खाली गैस टैंकर में ब्लास्ट, 8 लोग घायल

**इटारसी।** खेड़ा स्थित एक वर्कशॉप में वेल्डिंग के दौरान खाली गैस टैंकर में विस्फोट हो गया। मंगलवार शाम को हुए इस हादसे में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक टैंकर नरसिंहपुर से इंडियन ऑयल के लिए एथेन गैस लेकर आया था। खाली करने के बाद वर्कशॉप में मरम्मत के लिए लाया गया था। मंगलवार को खेड़ा स्थित चर्च के पास आकाश इंजीनियरिंग में एथेन गैस के खाली टैंकर की कमानी पर काम चल रहा था। वेल्डिंग करते समय अचानक विस्फोट हो गया। जिससे टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसके पुर्जे करीब 200 मीटर दूर तक जा गिरे।

# मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर होंगे विशेष कार्यक्रम

### ● दो वर्ष में अर्जित विशेष उपलब्धियां दिखेगी विकास प्रदर्शनी में

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रीगण को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्थापना दिवस पर राजधानी और जिलों में विशेष कार्यक्रम होंगे। प्रदेश में गत 2 वर्ष में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी विकास प्रदर्शनी के माध्यम से दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लाल परेड ग्राउंड और रवीन्द्र भवन परिसर इन कार्यक्रमों के केंद्र होंगे। एक नवंबर को रवीन्द्र भवन में जहां 2 वर्ष में निवेश संवर्धन सहित अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी वहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश से अर्जित उपलब्धियों की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी। इस अवसर पर डिजिटल सेवाओं, मध्यप्रदेश ई-सेवा और इन्वेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल का लोकार्पण होगा। उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 के तहत हुए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। वर्ष 2026 के लिए आगामी वर्ष की थीम की घोषणा भी की जाएगी। समृद्ध मध्यप्रदेश@ 2047 दृष्टि पत्र का विमोचन भी होगा। यह दृष्टिपत्र सुखद मध्यप्रदेश, संपन्न मध्यप्रदेश और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की परिकल्पना पर आधारित है। लाल परेड मैदान भोपाल में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंथन एवं प्रसिद्ध पार्श्वगायक जुबैन नोटियाल का गायन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यह दृष्टि पत्र मिशन 'ज्ञान' अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सहित प्रदेश के सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन पर प्रदेश में एक से 15 नवंबर तक राजधानी से ग्राम पंचायत तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। स्वतंत्रता के संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण से आग्रह किया कि अपने प्रभार के जिलों में देहदान की भावना के प्रचार प्रसार में सहयोग करें ताकि अपने किसी परिजन की मृत्यु के बाद दिवंगत व्यक्ति के अंग अन्य जरूरतमंद लोगों को प्रत्यारोपित करने की प्रेरणा मिलेगी।

## खड़ी बस में कंडक्टर ने किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ी एक खाली बस में महिला को बंधक बनाकर बस कंडक्टर ने रेप किया। घटना सोमवार रात 9.30 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पड़ाव थाने में दर्ज कराई। पुलिस फौरन स्पॉट पर पहुंची और भागने से पहले आरोपी बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल के बाद पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता भिंड की रहने वाली है। पति से तलाक का केस चल रहा है, लेकिन पति कोर्ट नहीं आ रहा। उसी का पता करने के लिए वह शिवपुरी देहात थाने गई थी। इसके बाद भिंड लौट रही थी। भिंड के फूप इलाके की रहने वाली 27 वर्षीय महिला एफआरवी (फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) की मदद से पड़ाव थाना पहुंची। पुलिस को उसने बताया कि 6 साल पहले उसकी शादी शिवपुरी में हुई थी। पति से उसका दो साल का एक बेटा है।

## सरकारी मकान कब्जाए रखना पड़ेगा महंगा

**भोपाल।** अब तबादले के बाद तय समय सीमा में सरकारी आवास खाली नहीं करने पर 10 गुना किराया और 30 फीसदी अधिभार देना पड़ेगा। कैबिनेट ने अब राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में सरकारी आवासों पर अनधिकृत कब्जा बनाए रखने वाले अफसरों और कर्मचारियों पर अब सख्ती का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने आवास किराया नीति में संशोधन करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मौजूदा नियमों के अनुसार, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को तबादले या सेवानिवृत्ति के बाद तीन माह के भीतर सरकारी मकान खाली करना अनिवार्य है। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद उनसे मौजूदा किराए का 10 गुना वसूला जाएगा। अभी सरकारी मकानों का मूल किराया बहुत कम होने से 10 गुना राशि भी बाजार दर के मुकाबले काफी कम पड़ती है, जिसके कारण कई लोग मकान खाली करने से बचते रहते हैं। अब तीन माह बाद सरकार ने इस 10 गुना किराए पर अतिरिक्त 30 प्रतिशत अधिभार लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# धीरेंद्र शास्त्री के पीछे पड़ी विदेशी ताकतें!



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में आयोजित दिव्य दरबार के दौरान बागेश्वर महाराज धीरेंद्र शास्त्री ने भक्तों से कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए विदेशी ताकतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई का सहारा लेकर उनके फर्जी वीडियो बना रही हैं। महाराज ने बताया कि इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की 22 सदस्यीय स्पॉन्सर्ड टीमें लगाई गई हैं, जिनका कार्य उनके एआई जनरेट किए गए फेक वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करना है, ताकि उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, हम अपने भक्तों से कहना चाहते हैं कि हमारे चक्कर में न पड़ें, बल्कि हमारे बालाजी के चरणों में जाएं। जब हम खुले मंचों पर सच्चाई बोलते हैं, तो स्वाभाविक है कि कुछ लोग और विदेशी ताकतें हमारे खिलाफ साजिश करेंगी। हमारे एक वरिष्ठ अधिकारी ने हमें बताया है कि हमारे खिलाफ पूरी आईटी टीम काम कर रही है, जो पैसे लगाकर स्पॉन्सर्ड तरीके से फर्जी वीडियो वायरल कर रही है।

## संपादकीय

# भारत अपने हितों को लेकर रह सकता है अडिग

डोनाल्ड ट्रंप की टीम समझने लगी है कि भारत के मामले में सार्वजनिक बयानबाजी के बजाय निजी बातचीत में ज्यादा फायदा है। यही वजह है कि ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने खामोशी ओढ़ ली है, कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने धमकी वाली भाषा छोड़ दी है और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट चीन की रेयर अर्थ मिनरल्स पॉलिसी से निपटने के लिए भारत की मदद चाहते हैं। हाल में ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच तीन बार बात हुई- जन्मदिन की बधाई देने के लिए, गाजा समझौते को लेकर और फिर दिवाली पर। यह गर्मजोशी बनी रहे, इसके लिए व्यापार समझौता जरूरी है। भारत की तरफ से बताया गया कि बातचीत चल रही है। वहीं अमेरिका का बयान आया कि चर्चा उपयोगी रही है, लेकिन कुछ मुद्दों पर अब भी बात बनना बाकी है। ट्रेड डील पर अंतिम फैसला ट्रंप के हाथ में है। वह कैसे और कब इसकी घोषणा करते हैं, यह इस पर निर्भर करता है कि इससे उन्हें कितना राजनीतिक लाभ मिल सकता है। हाल में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत का दौरा किया। इस दौरान प्रोटोकॉल से जुड़े कई नियम टूटे। गोर ने अभी तक पद नहीं संभाला है, इसके बावजूद वह प्रधानमंत्री मोदी से लेकर तमाम वरिष्ठ अधिकारियों से मिले। यानी विदेश मंत्रालय नए दौर के लिए नई सोच दिखा रहा है। पुराने जमाने की डिप्लोमेसी अब काम नहीं आने वाली। गोर की भारत यात्रा सफल रही, लेकिन उसमें एक छोटी-सी गड़बड़ी भी हुई। रूस से तेल खरीद को लेकर भारतीय अधिकारियों ने गोर से जो भी कहा हो, गोर ने आगे ट्रंप से जो कहा हो और ट्रंप ने उसे जैसे भी समझा हो - लेकिन ट्रंप के बयान ने मामले को उलझा दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम मोदी ने रूस से तेल नहीं खरीदने का भरोसा दिया है। यहां कुछ ऐसा हुआ होगा- भारतीय अधिकारियों ने शायद कहा होगा कि भारत रूसी तेल की खरीद घटाने की कोशिश करेगा, गोर ने समझा होगा कि भारत ने कम तेल लेना शुरू कर दिया है और ट्रंप ने मान लिया होगा कि भारत ने रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है। गोर से जल्दी मुलाकात का मतलब साफ है- भारत चाहता है कि रिश्ते की पहचान असली कामों से बने, रोज की सुर्खियों से नहीं। भारत ने दिखाया कि वह अपने हितों को लेकर अडिग रह सकता है। उसका रवैया पाकिस्तान से बिल्कुल अलग है, जो चापलूसी की हद पर उतर आया है। अमेरिका भी बदलाव को महसूस कर रहा है। चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर सख्ती की तो स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यह लड़ाई चीन बनाम पूरी दुनिया की है। इसका मतलब कि अमेरिका को मजबूत साझेदारों की जरूरत है।

## OSHO कहिन

**"खुशी को कभी भी बाहर खोजने की कोशिश मत करो, वह पहले से ही आपके भीतर है।"**



## ज्ञान-विज्ञान

# लिथियम को भूल जाइए, दुनिया के लिए नया 'खजाना' बना यह क्रिटिकल मिनरल

### भारत में है विशाल भंडार, खत्म होगी चीनी दादागिरी



दुनियाभर में इन दिनों दुर्लभ खनिजों पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है। चीन जहां दुनिया के दुर्लभ खनिजों पर लगभग 'कब्जा' कर चुका है, वहीं अमेरिका, जापान और भारत जैसे देश उसे लगातार चुनौती दे रहे हैं। पूरी दुनिया में इन दिनों इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है जो लथियिम आयन बैट्री से चलती हैं। इसके पीछे वजह है कि दुनिया अब स्वच्छ ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रही है। चीन लथियिम को लेकर वश्विभर के देशों को आंख दिखा रहा है। चीनी कंपनियों ने बैट्री की दुनिया में दबदबा कायम कर लिया है। चीन की इस चुनौती के बीच वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रेफाइट अब नया क्रिटिकल मिनरल बन गया है जो लथियिम बैट्री उद्योग की रीढ़ है। वहीं ग्रेफाइट के भंडार की बात करें तो दुनिया का सबसे बड़ा ग्रेफाइट भंडार चीन के पास है लेकिन भारत की धरती भी इस खजाने से भरी हुई है।



वज्ञिान पत्रिका नेचर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक ग्रेफाइट लथियिम आयन बैट्री की रीढ़ है। यह अब नया क्रिटिकल मनिरल बन गया है। इसी वजह से यह स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ती दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज बन गया है। प्राकृतिक ग्रेफाइट की आपूर्ति दुनिया के कुछ ही जगहों पर केंद्रित है और इसका उत्पादन भी बढ़ाना मुश्किल है। इससे दुनिया में सप्लाई में दिक्कत आ रही है। इसी को देखते हुए दुनिया में कृत्रिम ग्रेफाइट का इस्तेमाल काफी ज्यादा होता है जो ज्यादा शुद्ध होता है और उसका प्रदर्शन भी अच्छा होता है। हालांकि इसे बनाने में काफी ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है जो जीवाश्म ईंधन से बनती है। यह पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है।

**भारत में मौजूद है ग्रेफाइट का वशिाल भंडार**

ग्रेफाइट का भविष्य अब दो बदलावों पर टिका हुआ है। पहला- नवीकरणीय कार्बन स्रोतों से 'ग्रीन' उत्पादन और पुरानी बैटरियों से ग्रेफाइट को रीसायकल करना। ग्रेफाइट लिथियम आयन बैट्री में एनोड के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। एनोड बैट्री का वह हिस्सा होता है जो चार्जिंग और डिस्चार्जिंग के दौरान आयनों को स्टोर करता है। ग्रेफाइट स्वच्छ ऊर्जा की ओर दुनिया के बढ़ते कदम के लिए बहुत जरूरी है। वहीं प्राकृतिक ग्रेफाइट के भंडार की बात करें तो चीन जहां पहले नंबर पर है, वहीं भारत में भी इसका विशाल भंडार मिला है। भारत दुनिया में सातवें नंबर पर है।

चीन 81 मीट्रिक टन के साथ पहले, ब्राजील के पास 74 मीट्रिक टन, मेडागास्कर के पास 24, मोजांबिक के पास 25, तंजानिया के पास 18, रूस के पास 14, भारत के 8.6 और तुर्की के पास 6.9 मीट्रिक टन प्राकृतिक ग्रेफाइट है। भारत सरकार ग्रेफाइट के उत्पादन पर पूरा जोर दे रही है। भारत में अरुणाचल प्रदेश में देश का सबसे बड़ा ग्रेफाइट भंडार है। भारत सरकार घरेलू खनन कंपनियों को इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि चीन पर से निर्भरता को कम किया जा सके। भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में ग्रेफाइट का रिजर्व होना बहुत जरूरी है। अरुणाचल प्रदेश में पश्चिमी सियांग, पापुमपारे और लोअर सुबानसिरी जिलों में ग्रेफाइट बड़े पैमाने पर मिला है। इसके अलावा कश्मीर और मध्य प्रदेश में भी ग्रेफाइट की खोज शुरू की गई है।

## Bihar

# मातम में बदली छठ महापर्व की खुशियां, पटना में 9 समेत बिहार में 83 लोगों की मौत

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के कई जिलों में छठ महापर्व की खुशियां मातम में बदल गईं। महापर्व के दौरान सोमवार और मंगलवार को पटना में नौ समेत राज्य में डूबने से 83 लोगों की मौत हो गई। इनमें अधिकतर की जान छठ घाट बनाते समय पैर फिसलने, नहाने या फिर अर्घ्य देते समय गहरे पानी में चले जाने से हुई है। मृतकों में दक्षिण बिहार से 34, कोसी-सीमांचल, पूर्वी बिहार के 30 और उत्तर बिहार के 19 लोग शामिल हैं।

पटना जिले में गंगा स्नान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर 15 लोग डूब गए जिनमें नौ की मौत हो गई। मोकामा में तीन, बाढ़ -बिहटा और खगौल में दो-दो की जान गई है। वहीं, मनेर में डूबे दो और अथमलगोला में एक युवक की तलाश जारी है। बाढ़ में तीन, खगौल में एक और गोपालपुर स्थित तालाब में डूबे युवक को बाहर निकाल एक घंटे सीपीआर देकर बचा लिया गया।

वैशाली जिले के राघोपुर और महुआ में छठ घाट बनाने के बाद नहाने के दौरान डूबने से दो किशोर, महनार में एक छठव्रती, गोपालगंज जिले के भोरे थाने दुबे जिगना गांव में दो, औरंगाबाद दो, भोजपुर एक, बेगूसराय एक, नावानगर एक, रोहतास एक की मौत हो गई। छपरा में भी डूबने से एक की मौत हो गई।

पटना से सटे मोकामा में मरांची के बादपुर स्थित गंगा घाट पर मंगलवार सुबह करीब 6:30 गंगा स्नान के दौरान डूबने से रॉकी पासवान (21) की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रॉकी की बहन सपना ने भी सदमे में दम तोड़ दिया। इस घटना से परिवार से कोहराम मच गया।

बादपुर निवासी चूहा पासवान के पुत्र रॉकी गंगा में स्नान कर रहा था। तभी वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रॉकी पासवान का शव बरामद कर लिया। इस घटना की जानकारी जैसे ही सपना कुमारी को हुई। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई।

## New Delhi

**अंबाला पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू**

# राफेल विमान में भरेंगी उड़ान, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए



**अंबाला (हरियाणा)**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अंबाला वायुसेना स्टेशन पहुंचीं। वह कुछ ही देर में फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाली हैं। उन्होंने एयरफोर्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संभावना है कि वह राफेल से अंबाला का चक्कर भी लगा सकती हैं। जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम के आयोजन और प्रोटोकॉल के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों व अन्य की जिम्मेदारी तय की गई है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि राष्ट्रपति दिल्ली से हवाई मार्ग के माध्यम से एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी पहुंचीं। सुरक्षा के लिहाज से एयरफोर्स स्टेशन के आसपास के इलाके में ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई है। एयरफोर्स स्टेशन के अंदर किसी को भी मोबाइल ले जाने की परमिशन नहीं है। केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही एयरफोर्स स्टेशन में प्रवेश दिया गया है।

**भारत ने फ्रांस से खरीदे थे राफेल लड़ाकू विमान-** भारत ने राफेल लड़ाकू विमान फ्रांस से खरीदे हैं। पहली खेप 27 जुलाई 2020 को मिली थी, जिसमें 5 राफेल विमान शामिल थे। ये विमान सबसे पहले अंबाला एयरबेस पहुंचे थे। उन्होंने फ्रांस के मेरिग्नैक एयरबेस से उड़ान भरी, संयुक्त अरब अमीरात के अल दफरा एयरबेस पर रुके और फिर भारत पहुंचे।

## Gujrat

# चार युवक नदी में डूबे



**अमरेली, (एजेंसी)** गुजरात में अमरेली जिले के धारेश्वर गांव में मंगलवार दोपहर को नदी में नहाते समय चार युवक डूब गए। युवकों में तीन सगे भाई थे। पीपावाव कोस्टगार्ड की एक टीम युवकों की तलाश में जुटी है। प्रभारी ममलदार भागीरथ चौहान ने बताया कि पिछले तीन दिनों से हो रही तेज बारिश के चलते घातरवाड़ी नदी में तेज बहाव है। इसके बावजूद चारों युवक नदी में नहा रहे थे। चारों को तैरना आता था, लेकिन नदी में अचानक बने भंवर में चारों फंस कर बह गए।

## Maharashtra

# नागपुर में सड़कों पर उतरे किसान, कर्ज माफी को लेकर बंद किया नेशनल हाइवे, ट्रेनें रोकने की धमकी

**मुंबई, (एजेंसी) महाराष्ट्र में कर्जमाफी की मांग को लेकर जारी नागपुर में किसानों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी किसान पूर्व मंत्री और प्रहार पार्टी के नेता बच्चू कडु के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को बंद किया हुआ है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग नागपुर को हैदराबाद से जोड़ता है। आज प्रदर्शनकारी किसानों ने ट्रेनें रोकने की धमकी दी है।**



प्रहार पार्टी के नेता बच्चू कडु ने राज्य सरकार पर निशाना साधा और किसानों की कर्ज माफी करने की मांग की। बच्चू कडु ने कहा कि 'आज हम 12 बजे के बाद ट्रेनें रोकेंगे। हमारे किसान कर्ज में डूब रहे हैं। अगर राज्य सरकार के पास किसानों का कर्ज माफ करने के लिए पैसे नहीं हैं तो केंद्र सरकार को इसमें मदद करनी चाहिए।' मंगलवार को हजारों की संख्या में किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को बंद कर दिया। किसानों का आरोप है कि बार-बार वादा करने के बावजूद सरकार किसानों की कर्जमाफी नहीं कर रही है। साथ ही सूखे की समस्या से जूझ रहे किसानों को भी सरकार ने पर्याप्त मदद नहीं की है।

## खेल

# सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ मंधाना शीर्ष पर एक्लेस्टोन का गेंदबाजी रैंकिंग में दबदबा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने घरेलू विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर मंगलवार को करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करने के साथ महिला वनडे क्रिकेट में शीर्ष बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बाएं हाथ की इस 29 साल की बल्लेबाज ने पिछले दो मैचों में न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन बनाए हैं। इन पारियों के बाद उनके नाम 828 रेटिंग अंक हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर (731) से 97 अंक अधिक हैं। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने नाबाद शतक के बाद छह स्थानों की छलांग लगाई।**





मंधाना को इससे पहले सितंबर 2025 के लिए आईसीसी-महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लाउरा वोल्वार्ड्ट भी 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो स्थानों के सुधार के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं।इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंच गई, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाई और 16 स्थान के सुधार के साथ 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं। चोट के कारण विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हुई भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) में पहुंच गईं।

इस विश्व कप में स्पिन की अहम भूमिका रही है और कई गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन के बूते अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं। एकलेस्टोन को ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग से कड़ी टक्कर मिल रही है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए थे। किंग ने अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान की छलांग लगाई, जिससे उनकी टीम की साथी गार्डनर एक स्थान फिसलकर तीसरे (689) स्थान पर आ गईं।

पाकिस्तान की नशरा संधू दक्षिण अफ्रीका की बाएं हाथ की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा (610) के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं, जबकि तेज गेंदबाज मारिजन कप और सदरलैंड भी एक-एक स्थान के सुधार के साथ क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। बाएं हाथ की एक और स्पिनर लिंसे स्मिथ रैंकिंग में 24 स्थानों का सुधार करने में सफल रही। वह 444 रेटिंग के साथ 36वें स्थान पर पहुंच गयी है। गार्डनर ने विश्व कप में प्रदर्शन से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में अपना पहला स्थान (रेटिंग 503) पक्का कर दिया है। इस सूची में वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को पछाड़कर काप दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## सिनेमा

# गोविंदा को लाइमलाइट में लाने के लिए फैलाई तलाक की खबरें? हनीफ जावेरी बोले- पब्लिसिटी स्टंट है



हीरो नंबर 1 गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता की शादी में खटपट को लेकर काफी दिनों से बातें चल रही हैं. 37 साल के इस रिश्ते पर आंच आता देख हर कोई स्तब्ध था. हालांकि राहत की बात ये थी कि दोनों ने तलाक की अटकलों को खारिज किया. तो फिर क्यों सुनीता बार-बार पति संग मनमुटाव का हिंट देती हैं, इसका खुलासा हुआ है. सीनियर ऑथर, जर्नलिस्ट और फिल्म इतिहासकार हनीफ जावेरी ने मेरी सहेली को दिए इंटरव्यू में इसकी वजह बताई है. उनके मुताबिक, जिस तरह से लगातार कपल की निजी लाइफ पर चर्चा हो रही है, ऐसा लाइमलाइट लेने के लिए हो सकता है. वो कहते हैं- सबसे पहली बात जो मुझे अजीब लगती है वो ये कि गोविंदा अपने भांजे कृष्णा अभिषेक से बात नहीं करते हैं. इस बात को सालों हो गए क्योंकि कृष्णा ने मीडिया के सामने फैमिली मैटर रखा था. गोविंदा पर्सनल इश्यूज को पब्लिक नहीं करना चाहते. लेकिन अब उनकी पत्नी के जरिए सब कुछ बोला जा रहा है. ये सब क्या है? वो कहते हैं- मुझे नहीं लगता उनकी शादी में कोई दरार है. उन्होंने साथ में अच्छी लाइफ जी है. बच्चों को अच्छे से बड़ा किया है. लोगों को ऐसा भी लगता है कि सुनीता को ये सब बोलने की कोई जरूरत नहीं है.

## Highlights


1. **Teddy Boy, you aren't semiconductor expert: BJP to Priyank Kharge**
2. **Bus parked metres away from plane catches fire at Delhi airport T3**
3. **All 32 flights from Vizag airport cancelled due to Cyclone Montha**
4. **Father staged DU student's acid attack case using toilet cleaner**
5. **₹23-crore buffalo, ₹15-crore horse become main attraction at Pushkar Mela**
6. **Artificial rain expected in parts of Delhi soon**

# We are blending AI with ingenuity, in intuitive ways: Adobe's Shantanu Narayen

**NEW DEIHI, (Agency).** Even as tech giants Adobe insists that creativity is entering an era of artificial intelligence (AI), the company makes clear that for any AI initiative to succeed, the four pillars of creation, ideation, production and delivery shouldn't be overwhelmed. At this year's MAX keynote, Adobe CEO Shantanu Narayen detailed an approach that sees them play well with the best models that other AI companies have to offer.

"Creativity is a balance of innovation, and imagination, technology, and humanity. We will provide the tools, platforms, and integrate with the ecosystems, to empower creators, to unleash their boldest imagination," says Narayen. He insists it is a unique proposition of choice for the consumer, within one subscription, and without having to jump between different apps.

The company's AI approach has three key elements at its foundation — Adobe's own Firefly models,




partner models including those from OpenAI and Google, as well as custom models that will help creatives and businesses find an AI with focused relevance. Adobe isn't competing with other AI companies, instead partnering with them to give a dropdown menu of choice for users — that itself is a unique approach, for now.

At this time, partner models total 23, across photo, video and audio generation lines, also from AI companies Runway, Luma, ElevenLabs and Pika. And these are available across Adobe's apps including Firefly, Photoshop and Express. This makes Adobe's Firefly and Creative Cloud platforms, the first of their kind, to deliver this extent of choice.

The reasoning behind this range, is explained by David Wadhwani, President for the Digital Media Business, at Adobe, is all about specificity and strength. "The best model for generating a video may not be the same model for adding atmospheric elements like rain or snow. The right model for generating an image may differ based on whether you're optimising for details, or lighting, or pristine landscapes, or a private city street," he says.

# Amazon layoffs to impact 800-1,000 jobs in India as AI upends work model

**NEW DEIHI, (Agency).** The global Amazon layoffs can result in 800-1,000 job cuts in India, as the US-based e-commerce firm taps AI to reduce overheads.

The Amazon India layoffs would span functions—including finance, human resources and technology, ET reported citing sources. The job cuts will largely impact people reporting to Amazon's global teams. When asked about the layoffs, an Amazon India spokesperson referred to a note from Senior VP Beth Galetti that went out to all employees on




Tuesday.

"The reductions we are sharing today are a continuation of this work to get even stronger by further reducing bureaucracy, removing layers, and shifting resources to ensure we're investing in our biggest bets," Beth Galetti, senior vice president of people experience and technology at Amazon, said in the blog post.

Amazon jobs impacted by layoffs

Amazon.com Inc. has announced a second round of layoffs in as many years, after CEO Andy Jassy warned that AI will shrink the workforce of the second largest employer in the US. The number of affected is 14,000 versus 30,000 reported by Reuters earlier.

नई कार्यकारिणी पर फूटा गुस्सा

# भाजपा कार्यालय में जमकर हंगामा अध्यक्ष के फोटो पर कालिख पोती

**इंदौर**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने अपनी नियुक्ति के लगभग 9 महीने बाद मंगलवार को नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। इस 33 सदस्यीय टीम में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री और 8 मंत्री शामिल हैं। हालांकि, सूची जारी होते ही पार्टी के भीतर भूचाल आ गया।

कार्यकारिणी की घोषणा के तुरंत बाद, नाराज भाजपा कार्यकर्ता और खाती समाज के लोग भाजपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 'सुमित मिश्रा गुंडा है' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मिश्रा के केबिन के बाहर लगी नेमप्लेट और गेट पर कालिख पोत दी। इतना ही नहीं, कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर में भी सुमित मिश्रा के चेहरे पर कालिख पोती गई और बाद में पोस्टर फाड़ दिया गया। इस हंगामे के बीच 28 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी। सूची में सबसे विवादास्पद नाम स्वाति कासिद का है, जिन्हें नगर मंत्री बनाया गया है। स्वाति, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले युवराज कासिद उर्फ युवराज उस्ताद की पत्नी हैं।




इस नियुक्ति के विरोध में खाती समाज के कार्यकर्ता और पदाधिकारी लामबंद हो गए और उन्होंने भाजपा कार्यालय पर धावा बोल दिया। यह पहली बार नहीं है जब स्वाति कासिद की नियुक्ति पर विवाद हुआ हो। नगर निगम चुनाव के दौरान भाजपा ने उन्हें वार्ड 56 से पार्षद का टिकट दिया था। लेकिन, पति युवराज उस्ताद की आपराधिक पृष्ठभूमि की शिकायतें सामने आने के बाद पार्टी ने महज 16 घंटे में उनका टिकट वापस ले लिया था। उस समय तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बयान दिया था कि भाजपा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों या उनके परिजनों को टिकट नहीं देती और पार्टी की ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति है। खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा उनके समाज की लगातार उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कहा, 'हमारे नेता जीतू जिराती को पार्टी व्यक्तिगत रूप से निशाना बना रही है। हम जीतू पटवारी (कांग्रेस) को नजरअंदाज कर जीतू जिराती के कहने पर भाजपा को वोट देते आए हैं, लेकिन उनके समर्थकों को ही पदाधिकारी नहीं बनाया जा रहा है।'

## आठ उपाध्यक्ष सहित 33 नेता शामिल, पांच महिलाएं भी शामिल, एकलव्य बाहर

भाजपा की इंदौर नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा मंगलवार को हो गई। इसमें 33 नेता अलग-अलग पदों पर काबिज हुए है। तीन महामंत्री और आठ उपाध्यक्ष भी बने हैं। इस बार कुछ नए चेहरों को महत्व देने की कोशिश की गई है। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने विधायकों की पसंद का भी पूरा ध्यान रखा और क्षेत्रीय समीकरणों के हिसाब से ही पद दिए हैं। स्वाति काशिद सहित पांच महिलाएं भी टीम भाजपा में शामिल हुई हैं। सुधीर कोल्हे, कैलाश पिपले और महेश कुकरेजा को महामंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष सचिन बंसल बने हैं। मीडिया विभाग की पुरानी टीम पर ही मिश्रा ने भरोसा किया है। मीडिया प्रभारी वरुण पाल बने हैं, जबकि नितिन शर्मा और रितेश शर्मा सह मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। भाजपा की नगर कार्यकारिणी में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला के समर्थकों को ज्यादा महत्व मिला है। हरप्रीत सिंह बक्शी, सुधीर कोल्हे, भूपेंद्र केसरी, दिप्ती हाड़ा, स्वाति काशिद और राजा कोठारी विजयवर्गीय खेमे से जुड़े हैं। इन नेतागणों को अलग-अलग पद मिले हैं। मेयर पुष्य मित्र भार्गव के साथी और पूर्व पार्षद भरत पारख को भी उपाध्यक्ष बनाया गया है। ज्योदिरादित्य सिंधिया जब कांग्रेस से भाजपा में आए थे तो उनके साथ तुलसी सिलावट सहित कई समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन इस बार पार्टी ने सिंधिया–सिलावट समर्थकों का ज्यादा ध्यान नहीं रखा। राजू चौहान, पवन जायसवाल, मोहन सेंगर जैसे नेता कार्यकारिणी में जगह नहीं बना पाए। नई कार्यकारिणी में सिलावट कोटे से सिर्फ पप्पू शर्मा ही फिर शामिल किए गए हैं। सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया भी अपने ज्यादा समर्थकों को स्थान नहीं दिलवा पाए। चार नंबर विधानसभा से महेश कुकरेजा को विधायक मालिनी गौड़ महामंत्री पद दिलवाने में सफल रहीं। इंदू श्रीवास्तव का भी राजनीतिक प्रमोशन हो गया। वे मंडल अध्यक्ष थीं। उस पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें नगर कार्यकारिणी में शामिल किया गया। पिछली कार्यकारिणी में विधायक पुत्र एकलव्य गौड़ भी थे, लेकिन इस बार उन्हें पद नहीं मिला। भाजपा नेता जीतू जिराती अपने किसी समर्थक को कार्यकारिणी में स्थान नहीं दिलवा पाए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक